**आनंदीबेन पटेल**
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश



सत्यमेव जयते

**राज भवन**
लखनऊ – 226 027

26 सितम्बर, 2022

# संदेश

मुझे यह जानकर अतीव प्रसन्नता हुई कि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हमीरपुर द्वारा वार्षिक पत्रिका **'वाणी'** का प्रकाशन किया जा रहा है।

महाविद्यालय पत्रिकाएं विद्यार्थियों में रचनात्मक और साहित्यिक प्रतिभा को अभिव्यक्ति प्रदान करती हैं। इसके साथ ही ज्ञानवर्द्धक और उत्प्रेरक जानकारियों के द्वारा विद्यार्थियों को प्रेरणा और मार्गदर्शन भी देती है। मुझे आशा है कि पत्रिका का प्रकाशन महाविद्यालय परिवार के लिये उपयोगी होगा।

पत्रिका 'वाणी' के सफल प्रकाशन के लिये मैं अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करती हूँ।

आनंदीबेन

**(आनंदीबेन पटेल)**

दूरभाष : 0522– 2236497 फैक्स : 0522–2239488 ईमेल : hgovup@gov.in बेबसाइट : www.upgovernor.gov.in

योगी आदित्यनाथ



मुख्य मंत्री
उत्तर प्रदेश

आज़ादी का अमृत महोत्सव

लोक भवन
लखनऊ – 226001
संख्या– G-34/ सी.एम–2/2023
24 JAN 2023

# संदेश

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है कि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हमीरपुर द्वारा अपनी वार्षिक पत्रिका 'वाणी' का प्रकाशन किया जा रहा है।

विद्यालय सारस्वत साधना के केन्द्र होते हैं, जहां नई पीढ़ी का निर्माण किया जाता है। शिक्षण संस्थाओं द्वारा प्रकाशित की जाने वाली पत्रिकाएं विद्यार्थियों को अपने विचारों को प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करने के साथ ही उनकी सृजनात्मक शक्ति को भी परिष्कृत करती है। इसके दृष्टिगत महाविद्यालय द्वारा पत्रिका का प्रकाशन सराहनीय है। मुझे आशा है कि पत्रिका में विद्यार्थियों के लिए उपयोगी सामग्री का संकलन किया जाएगा।

वर्षिक पत्रिका के उद्‌देश्यपरक प्रकाशन हेतु मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

(योगी आदित्यनाथ)

**भानु प्राताप सिंह वर्मा**
Bhanu Pratap Singh Verma



राज्य मंत्री
सुक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम
भारत सरकार
नई दिल्ली- 110011
MINISTERM OF STATE FOR
MICRO, SMALL & MEDIUM ENTERPRISES
GOVERNMENT OF INDIA
NEW DELHI - 110011

# शुभकामना संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हमीरपुर इस वर्ष अपनी पत्रिका '**वाणी**' का प्रकाशन करने जा रहें है।

इस पत्रिका के माध्यम से महाविद्यालय, विद्यार्थियों के श्रेष्ठ विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का एक प्रयास कर रहा है। इस अवसर पर मैं '**वाणी**' पत्रिका 2022-23 के सफल होने की कामना करता हूँ।

मेरी और से प्रबंध समिति को ढेर सारी शुभकामनाएं।

BPSingh Verma
23.1.2023

**(भानु प्राताप सिंह वर्मा)**

Room No. 133, Udyog Bhawan , Rafi Marg, New Delhi - 110011, Tel,: 011-23061258, 23063142 Fax : 011- 23010324

**योगेन्द्र उपाध्याय**
मंत्री
उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी,
इलैक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग

कक्ष सं0-63बी/डी, मुख्य भवन
विधान भवन, लखनऊ।
दूरभाष- 2238051(कार्या0)



**दिनांक–** 14/02/23

# संदेश

यह हर्ष का विषय है कि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हमीरपुर द्वारा अपनी वार्षिक पत्रिका 'वाणी' का प्रकाशन किया जा रहा है।

मेरी कामना है कि उच्च स्तर क शिक्षण, शोध एवं सकारात्मक गतिविधियों में यह कालेज अपनी गौरवशाली परम्परा की मजबूत नींव के साथ नित नई ऊंचाइयाँ प्राप्त करें । मैं कालेज के सभी शिक्षकों एवं शिक्षार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुये आशा करता हूँ के वे अपने श्रेष्ठ जीवन - मूल्यों के साथ सामाजिक जीवन में उच्चतम शिखर पर पहुँचकर कालेज सहित प्रदेश व देश का नाम रोशन करेगें।

मुझे आशा ही नही पूर्ण विश्वास है कि वार्षिक पत्रिका 'वाणी' के प्रकाशन से छात्र- छात्राओं की वैचारिक क्षमता एवं रचनाशीलता को दिशा एवं दृष्टि प्राप्त होगी और उनकी विशिष्ठ प्रतिभाओं को उभारने एवं सर्वांगीण विकास में यह पत्रिका उपयोगी सिद्ध होगी।

कालेज की वार्षिक पत्रिका 'वाणी' के सफल प्रकाशन के लिये मेरी हार्दिक शुभकामनायें।

**(योगेन्द्र उपाध्याय)**

प्रो. मुकेश पाण्डेय
कुलपति

Prof. Mukesh Pandey
Vice- Chancellor



बुन्देलखण्ड विश्व विद्यालय
झाँसी – 284 128 (उ. प्र.) भारत

BUNDELKHAND UNIVERSITY
JHANSI-284128 U.P.(INDIA)
(STATE UNVRSITY OF U.P.)

# शुभकामना संदेश

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है कि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हमीरपुर द्वारा अपनी वार्षिक पत्रिका 'वाणी' का प्रकाशन किया जा रहा है।

यह राजकीय महाविद्यालय, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के उत्कृष्ट महाविद्यालयों मे से एक है। यहाँ से अध्ययन कर चुक छात्र- छात्रायें आज देश- विदेश में महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय को गौरवान्वित कर रहे है।

मुझे आशा ही वरन् पूर्ण विश्वास है कि ऐसे लेखों, साहित्य एवं जानकारियों का समावेश किया जायेगा जिससे वर्तमान के विद्यार्थी और जनमानस लाभान्वित होगे। मेरी ओर से महाविद्यालय के शिक्षकों तथा अध्ययनत विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु तथा पत्रिका के सफल प्रकाशन हेतु शुभकामनाये प्रषित है।

शुकाकानाओं सहित,

(प्रो. मुकेश पाण्डेय)
कुलपति

डा. वन्दना कुमारी
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
हमीरपुर ( उ.प्र.)

NAACS B++Accredited NIRF Ranked,ISO:9001-2015 Certified, State University of U.P.

Phone : 0510 - 2320497, 2321390, (O) 2320046 (R) 9076501601, 9425392415M
Fax : 0510 - 2320761 (O) 2320762 (R) email : vc@bujhansi.ac.in www.bujhansi.oc.in

# संपादकीय

'वाणी' का यह अंक ऐसे वर्ष में प्रकाशित हो रहा है जब हम आज़ादी के 75 वर्ष पूरे कर 'अमृत काल' में प्रवेश कर रहे है। बीते वर्ष 2022 को हर्षोल्लास के साथ आज़ादी का 'अमृत महोत्सव' के रूप में मनाया गया। वाणी का यह अंक भी उसी आजादी का अमृत महोत्सव वर्ष के एक सृजनात्मक पुण्य के रूप में प्रकाशित हो रहा है। अमृत महोत्सव सुनते हुए भारतवर्ष को सार्वभौम सत्ता और अस्मिता की स्मृति हमारे मानस में कौंध जाती है । यह आजादी हमें प्राणों की आहुति और दृढ़ संकल्प से संभव हो सकी। आजादी का क्षण भारत के असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष, समर्पण और बलिदान की अमर गाथाओं को अपने मे ं संजोये हुए है। यह हमें उस प्रतिज्ञा की याद दिलाता है जो सारे देश में गुलामी का प्रतिकार करने के लिए की गयी थी ।

यह अमृत महोत्सव का वर्ष हमें याद दिलाता है उस भारतवर्ष की, जिसके लिए जयशंकर प्रसाद ने कहा था 'जगे हम लगे जगाने विश्व, लोक में फैला फिर आलोक । विश्व तम पुंज हुआ सब नष्ट अखिल संस्कृति को उठी अशोक ।

आजादी के इन 75 वर्षो की यात्रा के पश्चात् आज जब आत्मनिर्भर भारत और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने हेतु भारत केन्द्रित शिक्षा की गम्भीरता पर ध्यान जाता है तो 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' उल्लेख महत्वपूर्ण हो जाता है । यह शिक्षा नीति एक ऐसे दस्तावेज के रूप में उपस्थित हुई जो भविष्य के उस समाज को तैयार करेगी जो भारती पर शिक्षा के बोझ से मुक्त हो। यह शिक्षा नीति मातृभाषा और भारतीय प्रज्ञा परम्परा के तत्वो को संयुक्त कर पूरे देश को एकता के सूत्र मे जोड़ने को कार्य करेगा।

इस शिक्षानीति में पंरम्परा औपचारिक शिक्षा व  प्रणाली से युक्त करते हुए विद्यार्थी को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देकर उसका व्यक्तित्व का विकास कर उसे जीवन कौशल से जोड़ने का प्रावधान किया गया है। आशा ही नही पूर्ण विश्वास है कि 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' सम्पन्न अपने इन मूल्यपरक उद्देश्यों को क्रियान्वयन के द्वारा प्राप्त कर सकेगी।

'वाणी परिवार' की ओर से हम माननीय राज्यपाल महोदया उ0प्र0 , माननीय मुख्यमंत्री महोदय उ0प्र0, माननीय शिक्षा निदेशक उ0प्र0 (उच्च शिक्षा), माननीय कुलपति महोदय बु. वि. वि. झाँसी, माननीय सांसद महोदय जालौन, माननीय जिलाधिकारी महोदय, हमीरपुर आदि के प्रति आभार प्रकट करते है जिन्होने अतिव्यवस्ता के बावजूद 'वाणी' हेतु संदेश/ आशीर्वचन देने की कृपा की।

इस पत्रिका के प्रकाशन में पत्रिका की संरक्षिका एवं प्रचार्या डा वंदना कुमारी के प्रति विशेष आभारी है जिन्होने समय पर  'वाणी' को छपवाने एवं परिष्कृत करने मे विशेष सहयोग संबल प्रदान किया। हम आभार व्यक्त करतें है महाविद्यालय परिवार के सभी प्राध्यापकों एवं कर्मचारीगणों का जिन्होने अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया। हमें पूर्ण विश्वास है कि 'वाणी' का यह अंक महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं को सृजनशीलता एवं रचनात्कता पूर्ण की ओर अग्रसर करेगा ।

**आ  नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः ।**

**प्रधान संपादक**